लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 20.10.2019......... पृष्ठ सं. 7......... कॉलम 1-4.........

# अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में एचएयू की टीम रही उपविजेता

## वीआईपी जयपुर की टीम विजेता, एचएयू के जसमीत को मिला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब

अमर उजाला ब्यूरो



डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता रही टीम के सदस्य।

हिसार। अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में एचएयू के जसमीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब मिला। जसमीत ने इस प्रतियोगिता में कुल सात विकेट हासिल किए। उधर विश्वविद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम का स्वागत किया गया। बता दें कि पिछले वर्ष एचएयू की टीम इस प्रतियोगिता में विजेता रही थी।

विश्वविद्यालय के अनुसार 14 से 16 अक्तूबर तक बिट्स पिलानी में अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 11 टीमों ने भाग लिया। पहले मुकाबले में एचएयू ने बीके बिट्स की जूनियर टीम को 157 रनों से हराया। दूसरे मुकाबले में एचएयू ने बीके बिट्स की सीनियर टीम को पांच विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही एचएयू ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में एचएयू का मुकाबला बिट्स पिलानी की टीम के साथ हुआ और एचएयू ने यह मुकाबला 28 रनों से जीता। वहीं फाइनल मुकाबले में एचएयू की टक्कर वीआईपी जयपुर की टीम से हुई। इसमें पहले खेलते हुए वीआईपी जयपुर की टीम ने 129 रन बनाए। वहीं निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचएयू की टीम 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### टीम का किया स्वागत

प्रतियोगिता में उपविजेता रही टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. दहिया ने टीम के खिलाड़ियों का समान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहे हैं। डॉ. दहिया ने क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी। खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदु चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 20.10.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 4-6

# अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में एचएयू की टीम ने जीता रजत

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. दहिया ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहें है। इसके लिए उन्होंने खिलाडियों व खेलकूद विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जसमीत सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदू चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......
दिनांक 20.10.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# हकृवि की क्रिकेट टीम ने जीता रजत पदक

हिसार, 19 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डा. दहिया ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने खिलाड़ियों व खेलकूद विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डा. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल विभाग की ओर से डा. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डा. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदू चौधरी सहित विवि के प्राध्यापक उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि. भूमि........
दिनांक 20. 10. 2019........ पृष्ठ सं. 12........ कॉलम 1........

## हकृवि की क्रिकेट टीम ने जीता रजत पदक

हिसार। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. दहिया ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने खिलाड़ियों व खेल विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी। खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जसमीत सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदू चौधरी सहित विश्वविद्यलय के प्रध्यापक उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...नभ छोर...
दिनांक 19.10.2019 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 5-6

# हकृवि अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट में रहा द्वितीय

हिसार/19 अक्टूबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षो से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने खिलाड़ियों व खेलकूद विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जसमीत सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदू चौधरी आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक हिसार........
दिनांक 19.10.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

# हकृवि की क्रिकेट टीम ने प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया



हिसार: 19 अक्तुबर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. दहिया ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहें है। इसके लिए उन्होंने खिलाड़ियों व खेलकूद विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जसमीत सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादु, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदु चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्रध्यापक उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 19. 10. 2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

# रजत पदक प्राप्त करने वाली एचएयू की क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने बिड़ला तकनीकी संस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम के हिसार लौटने पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. दहिया ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम देश में रोशन कर रहें है। इसके लिए उन्होंने खिलाड़ियों व खेलकूद विभाग के सभी प्राध्यापकों के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। क्रिकेट टीम के कोच डॉ. बलजीत गिरधर व टीम को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।



हिसार। विश्वविद्यालय की रजत पदक विजेता टीम डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया के साथ।

खेल विभाग की ओर से डॉ. सुशील लेगा ने सभी खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जसमीत सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डॉ. किशोर कुमार, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, रमेश चौधरी, खेल आयोजिका इंदु चौधरी सहित विश्वविद्यालय के प्रध्यापक उपस्थित थे।


लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......

दिनांक..20. 10. 2019...... पृष्ठ सं...16...... कॉलम...1-2......

# प्रदर्शनी में खेती संबंधित मॉडल बना दिखाई प्रतिभा



डा. एसके ठकराल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। ● जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला भी मौजूद रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों से भिन्न भिन्न प्रश्न पूछते हुए कृषि उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने बताया हमारे देश में सिक्किम एक ऐसा राज्य है जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद होती है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया कि इजराइल देश में ड्रिप सिंचाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाया जाता है। प्रदर्शनी में कक्षा छठी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न तरह की फसलों, फल-फूलों, वानिकी, बागवानी व सिंचाई व्यवस्था से संबंधित मॉडल बनाकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने यह मॉडल जीव विज्ञान की प्राध्यापिका मीनू मलिक व रसायन विज्ञान की प्राध्यापिका संतोष कंबोज की देखरेख में तैयार किए।

सभी ने पूर्ण रुचि, उत्साह व सहयोग के साथ इस प्रदर्शनी में भाग लिया व विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........अमर उजाला........
दिनांक 20.10.2019 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 7-8

# प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए शानदार मॉडल



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि डॉ. एसके ठकराल व अन्य। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल मुख्य अतिथि थे। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्या श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला भी मौजूद थे।

डॉ. ठकराल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से भिन्न-भिन्न प्रश्न पूछते हुए कृषि उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने बताया हमारे देश में सिक्किम एक ऐसा राज्य है जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद होती है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया कि इजराइल देश में ड्रिप सिंचाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाया जाता है। प्रदर्शनी में कक्षा छठी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न तरह की फसलों, फल-फूलों, वानिकी, बागवानी व सिंचाई व्यवस्था से संबंधित मॉडल बनाकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने यह मॉडल जीव विज्ञान की प्राध्यापिका मीनू मलिक व रसायन विज्ञान की प्राध्यापिका संतोष कंबोज की देखरेख में तैयार किए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 20.10.2019 ........ पृष्ठ सं. 2 ........ कॉलम 3-4 ........

# विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में जाने कृषि उत्पाद

हिसार, 19 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डा. एस.के. ठकराल मुख्य अतिथि थे। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला भी मौजूद थे। डा. ठकराल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से भिन्न भिन्न प्रश्न पूछते हुए कृषि उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हमारे देश में सिकिम्म एक ऐसा राज्य है जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद होती है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया कि इजराईल देश में ड्रिप सिंचाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाया जाता है। प्रदर्शनी में कक्षा छठी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न तरह की फसलों, फल-फूलों, वानिकी, बागवानी व सिंचाई व्यवस्था से संबंधित मॉडल बनाकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने यह मॉडल जीव विज्ञान की प्रध्यापिका मीनू मलिक व रसायन विज्ञान की प्राध्यापिका संतोष कंबोज की देखरेख में तैयार किए। सभी ने पूर्ण रुचि, उत्साह व सहयोग के साथ इस प्रदर्शनी में भाग लिया व विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।


*डा. एस.के. ठकराल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......नभ छोर......
दिनांक 19.10.2019 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 1-3

# कैंपस स्कूल में कृषि उत्पाद प्रदर्शनी



हिसार/19 अक्टूबर/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल मुख्य अतिथि थे। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला मौजूद थे। डॉ. ठकराल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से भिन्न-भिन्न प्रश्न पूछते हुए कृषि उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने बताया हमारे देश में सिक्किम एक ऐसा राज्य है जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद होती है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया कि इजराइल में ड्रिप सिंचाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाया जाता है। प्रदर्शनी में कक्षा छठी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न तरह की फसलों, फल-फूलों, वानिकी, बागवानी व सिंचाई व्यवस्था से संबंधित मॉडल बनाकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने यह मॉडल जीव विज्ञान की प्रध्यापिका मीनू मलिक व रसायन विज्ञान की प्रध्यापिका संतोष कंबोज की देखरेख में तैयार किए।


लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....

दिनांक....19.10.2019.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....7-8....

# हकृवि के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन



*हिसार। डॉ. एसके ठकराल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।*

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में गोल्डन जुबली वर्ष समारोह के तहत कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल मुख्य अतिथि थे। उनके साथ स्कूल के प्रधानाचार्या श्री सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला भी मौजूद थे।

डॉ. ठकराल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से भिन्न-भिन्न प्रश्न पूछते हुए कृषि उत्पाद की जानकारी ली। उन्होंने बताया हमारे देश में सिक्किम एक ऐसा राज्य है जहां पूर्ण रूप से जैविक खेती की जाती है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद होती है। उन्होंने ड्रिप सिंचाई के बारे में बताया कि इजराइल देश में ड्रिप सिंचाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से अपनाया जाता है।

प्रदर्शनी में कक्षा छठी से बारहवी के छात्र-छात्राओं ने भिन्न-भिन्न तरह की फसलों, फल-फूलों, वानिकी, बागवानी व सिंचाई व्यवस्था से संबंधित मॉडल बनाकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने यह मॉडल जीव विज्ञान की प्रध्यापिका मीनू मलिक व रसायन विज्ञान की प्रध्यापिका संतोष कंबोज की देखरेख में तैयार किए। सभी ने पूर्ण रूचि, उत्साह व सहयोग के साथ इस प्रदर्शनी में भाग लिया व विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......
दिनांक 21.10.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 7-8

# मतदाताओं को साइकिल यात्रा निकाल किया जागरूक



मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकालते एचएयू के विद्यार्थी। • जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा विधान सभा के आगामी चुनाव के लिए लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने की श्रृंखला में रविवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साइकिल यात्री क्लब द्वारा पर्वतारोहण क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों ने रैली में भाग लिया। क्लब के प्रेसिडेंट डाक्टर मुकेश सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ भगत सिंह व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## मतदाताओं को दी जाएगी फ्री काउंसिलिंग : सजग

जागरण संवाददाता, हिसार : सामाजिक संस्था सजग ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने शत-फीसद मतदान अभियान के अंतर्गत घोषणा की है कि 21 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों में मतदान करने वालों को तनाव मुक्त जीवन शैली के लिए निशुल्क काउंसिलिंग दी जाने की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा वास्तु हब एवं हैप्पी लाइफ काउंसिलिंग रिसर्च सेंटर के लाइफ काउंसलर सत्यपाल अग्रवाल की ओर से उनके डीएन कालेज रोड स्थित कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक..21.10.2019....... पृष्ठ सं...2............ कॉलम....7-8.......

## वोटिंग एक्शन : हर एक वोट जरूरी...



हर एक वोट जरूरी है। अक्सर बहुत से लोग यह सोचते हैं कि उनके एक वोट से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। बस यह सोचकर बहुत से लोग वोटिंग डे वाले दिन को छुट्टी का दिन मानकर बिता देते हैं। मगर यह उदासीन रवैया हम सबको भारी पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हर वोट का महत्व समझें, तभी लोकतंत्र को जिंदा रखा जा सकता है। कुछ ऐसा ही मैसेज दिया स्वॉन्ग कलाकार सतीश कश्यप ने।

सतीश पिछले 15 दिनों से एचएयू के स्टूडेंट्स के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को वोट डालने के लिए अवेयर कर रहे हैं। इस नाटक का मंचन बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के कई प्वॉइंट्स में किया गया। सतीश कश्यप ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप का एक वोट किसी भी सरकार को बनाने में अहम भूमिका निभाता, इसलिए इसकी अहमियत समझते हुए अपने इस अधिकार का इस्तेमाल जरूर करें।